Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding irrigation facilities in Kodarma Parliamentary Constituency, Jharkhand -laid.

श्रीमती अन्नपुर्णा देवी (कोडरमा) : मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र कोडरमा के अंतर्गत तीन जिले हजारीबाग का कुछ हिस्सा, गिरिडीह का कुछ हिस्सा एवं कोडरमा के सिंचाई असुविधा पर ध्यान लाना चाहती हूँ । इन क्षेत्रों के किसान बहुत ही गरीब हैं और अपने खेती के लिए बरसात पर पूरी तरह से निर्भर हैं साथ ही इन क्षेत्रों में सूखा पड़ना आम बात हो गई है । इस क्षेत्रों में नदियाँ भी हैं परन्तु यह बताते हुए खेद हो रहा है कि इन क्षेत्रों में सरकार की सिंचाई योजनाओं का पूरा लाभ यहां के किसानों को नहीं मिल पा रहा है । यहां पर एक कैशो जलाशय है जिसका कार्य अभी तक अधूरा पड़ा है और वर्षों से कैशो जलाशय को पूरा बनाने का कार्य लम्बित पड़ा है । तिलैया डैम पर्याप्त जल संग्रह के बाद भी कोडरमा एवं हजारीबाग के क्षेत्रों को समुचित रूप से सिंचाई उपलब्ध नहीं करवाई जा रही है । पंचखेरा सिंचाई भी बन गई है परन्तु पानी की आपूर्ति किये जाने हेतु पर्याप्त नहरों का निर्माण नहीं हुआ है । कोडरमा, हजारीबाग एवं गिरीडीह के जो जिले मेरे संसदीय क्षेत्र में पड़ते हैं वे सिंचाई की सुविधा से वर्षों से वंचित हैं । जिसके कारण यहां के किसान चाहते हुए खेती का कार्य पानी के अभाव में यथोचित ढंग से नहीं कर पाते हैं ।

मैं सरकार से अनुरोध करना चाहती हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र कोडरमा अंतर्गत कोडरमा, हजारीबाग एवं गिरिडीह सभी जिलों में हो रहे । सिंचाई कार्य से किसानों को होने वाले लाभ की समीक्षा केन्द्र स्तर पर करवाई जाए जिससे मेरे संसदीय क्षेत्र कोडरमा अंतर्गत सभी ब्लाकों में गरीब किसानों के खेतों को समुचित मात्रा में पानी की आपूर्ति की जा सके ।